RAF SECTOR

NEWS CLIP

14/02/2024

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Jan Sandesh Times, Prayagraj, (UP)

फाइलेरिया मुक्त जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

कार्यक्रम में उपस्थित लोग

फाफामऊ। फफामऊ शांतिपुरम के तत्वावधान में मंगलवार को क्षेत्र के आरपी रस्तोगी इण्टरमीडिएट कॉलेज मलाक हरहर में वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम के दिशा-निर्देशन में फाइलेरिया मुक्ति सप्ताह जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा फाइलेरिया पर अंकुश लगाने के उदेश्य एक राष्ट्रव्यापी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में 101 वाहिनी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों की निःशुल्क जांच की गई व फाइलेरिया से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर ही मलाक हरहर गाँव एवं आरएएफ के जवानों के बीच मैत्री क्रिकेट का भी आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर फाफामऊ विधायक गुरूप्रसाद मौर्या, पार्षद आरती मौर्या, उप कमांडेंट अरूण मिश्रा, अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण व जवान उपस्थित रहे।

Jan Sandesh, Prayagraj, (UP)

कराटे प्रशिक्षण क्लास का हुआ शुभारंभ

करांटे का प्रशिक्षण लेते बच्चे

फाफामऊ। सोमवार को शांतिपुरम स्थित 101आरएएफ कैंप के प्रांगण में महिला सशक्तिकरण व आत्मरक्षा प्रशिक्षण को बढ़ावा देने हेतु तत्वावधान में वाहिनी के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम व कावाध्यक्षा प्रीती गौतम के द्वारा करांटे प्रशिक्षण क्लास का उद्घाटन कर शुभारंभ किया गया। जैसा कि विदित है, कि वैलनेस एजुकेशन इकोसिस्टम के तहत 101आरएएफ में विभिन्न प्रकार के कोर्सेज का आयोजन होता रहता है, इसी क्रम में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु कैम्पस की बच्चियों व महिलाओं को रुद्रप्रयाग की छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षित करने के लिए एक माह का करांटे प्रशिक्षण क्लास का शुभारंभ हुआ है। कार्यक्रम में कमाण्डेंट ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि करता है, अपितु विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने में सक्षम भी बनाता है। इस अवसर पर वाहिनी के उप कमांडेंट विनोद कुमार, बृजेश कुमार दुबे, अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण, जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

United Freedom, Prayagraj, (UP)

101 आर.ए.एफ. के तत्वावधान में आर. पी. रस्तोगी इण्टरमीडिएट कॉलेज मे कमांडेंट मनोज कुमार गौतम,ने फाइलेरिया मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

युनाइटेड फ्रीडम संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज फाफामऊ क्षेत्र मालाक हर हर मे आज दिनांक 13.2.2024 को 101 आर ए एफ के तत्वाधान मे आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज ग्राम मलाक हरहर प्रयागराज मे मनोज कुमार गौतम कमांडेंट 101 आर ए एफ के दिशा निर्देशन मे फाइलेरिया मुक्त सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया गौरतलब है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा फाइलेरिया पर अंकुश लगाने के उद्देश्य एक राष्ट्रव्यापी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए) अभियान शुरू किया गया है इसके तहत 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम मे 101 आर.ए.एफ. के द्वारा ग्राम मलाका हरहर प्रयागराज के आर. पी. रस्तोगी इण्टरमीडिएट कॉलेज में 101 वाहिनी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार (एसए) के नेतृत्व में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीणो की निःशुल्क जांच की गई व फाइलेरिया (हाथी पाँव) से संबंधित दवाओ का वितरण किया गया व आवश्यक जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर ही मलाका हरहर गाँव एवं आर.ए.एफ. के जवानो के बीच मैत्री क्रिकेट का भी आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर गुरुप्रसाद मौर्य, विधायक फाफामउ विधान सभा, श्रीमती आरती मौर्या, पार्षद मलाका, 101 आर.ए.एफ. के श्री अरूण मिश्रा (उप0कमा0), अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण व जवान उपस्थित रहे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।